# Devi Ahilya Vishwavidyalaya

(Grade 'A+' University, Accredited by NAAC)

## Institute of Engineering & Technology

Vikramshila Parisar, Khandwa Road, Indore - 452017

Website: www.dauniv.ac.in, www.iet.dauniv.ac.in, director@ietdavv.edu.in


IET/2026/195

दिनांक: 10.08.2026

## विद्यार्थियों हेतु महत्वपूर्ण सूचना

संस्थान परिसर के बाहर विद्यार्थियों द्वारा आयोजित फ्रेशर पार्टी अथवा अन्य किसी भी प्रकार के कार्यक्रम IET/DAVV के अधिकृत कार्यक्रम नहीं हैं. ऐसे किसी भी अनधिकृत कार्यक्रम में भाग लेने वाला विद्यार्थी अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर सम्मिलित होगा।

कार्यक्रम के दौरान होने वाली किसी भी अनुशासनहीनता, अप्रिय घटना अथवा अन्य गतिविधि के लिए संबंधित विद्यार्थी/आयोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

यदि ऐसे किसी कार्यक्रम के कारण संस्थान की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, अथवा कार्यक्रम में हुई किसी घटना का प्रभाव बाद में संस्थान/छात्रावास परिसर के वातावरण, अनुशासन या विद्यार्थियों के आपसी संबंधों पर पड़ता है, तो इसे गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा।

ऐसी स्थिति में संबंधित आयोजकों एवं जिम्मेदार विद्यार्थियों के विरुद्ध संस्थान के नियमों के अनुसार निश्चित रूप से कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे जिम्मेदार व्यवहार करें तथा ऐसी किसी गतिविधि से बचें जिससे स्वयं उनकी अथवा संस्थान की प्रतिष्ठा और अनुशासन प्रभावित हो।

विद्यार्थी यह विशेष रूप से समझ लें कि किसी कार्यक्रम का **आयोजक/वालंटियर** होना आपको अन्य विद्यार्थियों पर किसी प्रकार का अधिकार, वरिष्ठता अथवा वर्चस्व प्रदान नहीं करता।

कई बार ऐसे आयोजनों के दौरान व्यक्तिगत अहं, आपसी प्रतिस्पर्धा, गुटबाजी अथवा स्वयं को दूसरों से ऊपर समझने की प्रवृत्ति के कारण अन्य विद्यार्थियों को परेशान करने, दबाव बनाने या अपमानित करने जैसी स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं।

ऐसी किसी भी प्रवृत्ति को संस्थान स्वीकार नहीं करेगा।

यह भी देखा जाता है कि कार्यक्रम में उत्पन्न विवाद वहीं समाप्त नहीं होते, बल्कि उनका after-effect संस्थान और छात्रावास में भी चलता रहता है—आपसी तनाव, गुटबाजी, बदले की भावना और अनुशासनहीनता के रूप में।

अंततः इससे संस्थान का शैक्षणिक वातावरण और प्रतिष्ठा प्रभावित होती है।

अतः ये पुनः स्पष्ट किया जाता है कि संस्थान के बाहर आयोजित किसी निजी कार्यक्रम की घटना यदि संस्थान के भीतर अनुशासन, शांति, विद्यार्थियों के आपसी संबंधों अथवा संस्थान की प्रतिष्ठा को प्रभावित करती है, तो संस्थान उसे केवल "बाहर की घटना" मानकर अनदेखा नहीं करेगा।

आयोजकों पर निश्चित रूप से अधिकतम सजा की कार्यवाही होगी.

निदेशक

Director
Institute of Engineering & Technology
Devi Ahilya Vishwavidyalaya
INDORE